आजीविका उन्नयन हेतु तसर फार्मिंग की होगी शुरुआत

चर्चा में क्यों?

- 15 दिसंबर, 2021 को झारखंड के ग्रामीण विकास विभाग के सचिव मनीष रंजन ने बताया कि राज्य के आदिवासी बहुल क्षेत्र में आजीविका उन्नयन हेतु तसर आधारित आजीविका को बढ़ावा देने के लिये राज्य सरकार तसर फार्मिंग को योजना के रूप में लागू करेगी।

प्रमुख बिंदु

- मनीष रंजन ने कहा कि इस योजना के तहत ज़रूरतमंद परिवारों को लाभ मिल सके, इसके लिये लाभुकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही मनरेगा के अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत पोषक पौधों के लिये वृक्षारोपण हेतु सुविधाएँ भी प्रदान करवाई जाएंगी।
- योजना की शुरुआत बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत प्रथम चरण में पाँच ज़िलों में 500-500 एकड़ में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में की जाएगी।
- इस संबंध में मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी. ने तसर विकास फाउंडेशन के पदाधिकारियों को तसर विकास के लिये व्यापक योजना बनाने एवं विशेषज्ञों व सिविल सोसायटी के साथ मिलकर एक राज्यस्तरीय कार्यशाला का आयोजन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/tasar-farming